मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-497
23/09/2023

# मुख्यमंत्री ने इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से विभिन्न जिलों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजनाओं, बिहार के विभिन्न शहरों में शवदाह गृह सह मोक्षधाम योजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं का किया शिलान्यास

पटना 23 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना स्मार्ट सिटी बिल्डिंग के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कुल 2,355.96 करोड़ रूपये लागत की कुल 55 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इसके तहत विभिन्न जिलों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजनाओं, बिहार के विभिन्न शहरों में शवदाह गृह सह मोक्षधाम योजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने 586.44 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के विभिन्न शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज एवं पेय जलापूर्ति की कुल 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पटना शहर में 1,283 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की कुल 10 योजनाओं का भी शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सात निश्चय–2 के तहत 226.72 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के 38 जिले के 38 नगर निकायों में शवदाह गृह सह मोक्षधाम की कुल 38 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुणीश चावला, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, बुडको के प्रबंध निदेशक श्री धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मधेपुरा, भोजपुर, दरभंगा एवं समस्तीपुर के जिलाधिकारी, नगर आयुक्त एवं महापौर जुड़े हुए थे।

******